मस्ती की बरसात | By Vinod Deewana

मस्ती की होवे बरसात सांवरिया तेरे मंदिर में
नाचेंगे आज साड़ी रात ओ श्याम तेरे मंदिर में

आता है फागुन का मस्त महीना
मस्ती के आलम से बचता कोई ना
होती हैं नैनो में ही बात ओ श्याम तेरे मंदिर में

खाटू में मिलता जो तेरा नज़ारा
लगता है तू हमको प्राणो से प्यारा
मुंह मांगी मिले सौगात ओ श्याम तेरे मंदिर में

दिल तो कहता है वापस ना जाएँ
जाएँ जो तुमको भी संग में ले जाएँ
होते हैं ऐसे हालात ओ श्याम तेरे मंदिर में

चोखानी चाकरी में जीवन बितावे
विनोद तुझे मीठे मीठे भजन सुनावे
भक्तों की आवे बारात ओ श्याम तेरे मंदिर में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a4-by-vinod-deewana/